IS/ISO 9001 - 2000

APM INDUSTRIES LIMITED

910, Chiranjiv Tower, 43, Nehru Place, New Delhi-110019
Phone : (011) 26441015-17 Fax : (011) 26441018
E-mail : delhi@apmindustries.co.in
CIN No. : **L21015RJ1973PLC015819**
Website : www.apmindustries.co.in

January 30, 2020

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Fort, Mumbai - 400001

Ref: Scrip Code 523537
Sub: Submission of copies of Newspaper Advertisement- Notice of Board Meeting

Dear Sir,

Further to our letter dated January 29, 2020 regarding approval of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2019; please find enclosed the newspaper advertisements published, in compliance with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, in Business Standard (English) and Seema Sandesh (Hindi) on January 30, 2020.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **APM Industries Limited**

Neha Jain
Company Secretary

Encl: as above

AIR INDIA ASSETS HOLDING LIMITED

GLOBAL INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR PROPOSED STRATEGIC SALE AND TRANSFER OF MANAGEMENT CONTROL OF AIR INDIA AIR TRANSPORT SERVICES LIMITED BY AIR INDIA ASSETS HOLDING LIMITED

This is with reference to the Preliminary Information Memorandum issued by Air India Assets Holding Limited ("AIAHL") on 12th February, 2019, for inviting Expression of Interest for the proposed startegic sale of Air India Air Transport Services Limited ("AIATSL"), followed by Corrigendum, Second Corrigendum, Third Corrigendum, Fourth Corrigendum, Fifth Corrigendum, Sixth Corrigendum, Seventh Corrigendum, Eighth Corrigendum, Ninth Corrigendum, Tenth Corrigendum and Eleventh Corrigendum issued on 5th March 2019, 26th March 2019, 24th April 2019, 25th May 2019, 25th June 2019, 25th July 2019, 26th August 2019, 24th September 2019, 25th October 2019, 28th November 2019 and 27th December 2019 respectively.

It is hereby informed that the cited process for the proposed strategic sale of AIATSL stands cancelled, and AIAHL will reinitiate the process for the proposed strategic sale of AIATSL, in due course.

APM INDUSTRIES LIMITED

CIN: L21015RJ1973PLC015819
Regd. Off. & Works: SP-147, RIICO Industrial Area, Bhiwadi, Dist. Alwar, Rajasthan-301019
Ph: 01493-265400, **Fax:** 01493-265413
E-mail id: csapmindustriesltd@gmail.com, **Website:** www.apmindustries.co.in

NOTICE OF BOARD MEETING

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Wednesday, February 05, 2020,** *inter-alia*, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2019 (the "Financial Results").

A copy of this Notice and Financial Results shall also be available at the Company's website www.apmindustries.co.in and the website of the Stock Exchange www.bseindia.com.

For **APM Industries Limited**
Neha Jain
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 29.01.2020

FORM A

PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF SNS DIAGNOSTICS LIMITED

RELEVANT PARTICULARS

1.	**Name of Corporate Debtor**	**SNS DIAGNOSTICS LIMITED**
2.	Date of incorporation of Corporate Debtor	19th August 1983
3.	Authority under which Corporate Debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies, Delhi
4.	Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor	L74899DL1983PLC016371
5.	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	Room No. 106, First Floor, 2162/T-10 A, Guru Arjun Nagar, Main Patel Road, New Delhi - 110008
6.	Insolvency commencement date in respect of corporate debtor	14th January 2020, (Order for IRP appointment passed by the Hon'ble NCLT on 28th January, 2020)
7.	Estimated date of closure of insolvency resolution process	12th July 2020 (180 days from the Insolvency commencement date)
8.	Name and Registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional	**Atiuttam Prasad Singh** **Reg. No.:** IBBI/IPA-001/IP-P01914/2019-2020/12914
9.	Address & email of the interim resolution professional, as registered with the board	A-97 & 98, Upper Ground Floor, Street No. 6, Madhu Vihar, Delhi – 110092 **Email:** atiuttamsingh@gmail.com
10.	Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional	A-97 & 98, Upper Ground Floor, Street No. 6, Madhu Vihar, Delhi – 110092 **Email:** snsdiagnosticslimited@gmail.com
11.	Last date for submission of claims	11th February 2020
12.	Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained	NA

NBCC (INDIA) LIMITED

(A Government of India Enterprise)
CIN-L74899DL1960GOI003335

Registered Office : NBCC Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003
Tel : 011 - 24367314 -18, 43591555 (EPABX)
E-mail : co.sectt@nbccindia.com, Website : www.nbccindia.com

NOTICE

Pursuant to the Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice be and is hereby given that meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Wednesday, February 12, 2020** to inter-alia consider and approve the **standalone and consolidated un-audited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2019.**

Further, in terms of NBCC-Code of Conduct to Regulate, Monitor, and Report Trading by Insiders, the Trading Window for transactions in the shares of the Company which was closed from January 1, 2020, shall remain closed until February 14, 2020 (Both days inclusive) for all the Designated/Connected Persons including their dependents and immediate relative(s).

The notice is also available on the website of the Stock Exchanges & NBCC at **www.bseindia.com; www.nseindia.com;** and **www.nbccindia.com.**

For NBCC (India) Limited
Sd/-
Deepti Gambhir, Company Secretary, F-4984

Place: New Delhi
Date: January 27, 2020

नालको NALCO

National Aluminium Company Limited
(A Government of India Enterprise)

NALCO Bhawan, P/1, Nayapalli, Bhubaneswar - 751 013, Odisha, India
CIN : L27203OR1981GOI000920
A NAVRATNA COMPANY

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, the 10th February, 2020 to consider inter-alia the Unaudited Financial Results(standalone & consolidated) for the quarter and nine months ended 31st December, 2019.

Information in this regard is also available on the website of the Company i.e. **www.nalcoindia.com** and on the website of Stock Exchanges i.e. **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com.**

For **National Aluminium Company Limited**
(N K Mohanty)
Company Secretary

Place : Bhubaneswar
Date : 28.01.2020

FORM G

INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST

(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

RELEVANT PARTICULARS

1.	**Name of the Corporate Debtor**	**MOSER BAER ELECTRONICS LIMITED**
2.	Date of incorporation of Corporate Debtor	14/09/2006
3.	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies – Delhi
4.	Corporate identity number / limited liability identification number of corporate debtor	U22229DL2006PLC153759
5.	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	43-B, Okhla Industrial Estate, New Delhi – 110020
6.	Insolvency commencement date of the corporate debtor	17/07/2019
7.	Date of invitation of expression of interest	30/01/2020
8.	Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at:	Eligibility criteria for the prospective resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code may be downloaded / obtained from: **www.witworthipe.com**
9.	Norms of ineligibility applicable under section 29A are available at:	Norms of ineligibility applicable under section 29A can be obtained from: **http://witworthipe.com** Also available on the website of IBBI: **http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php**
10.	Last date for receipt of expression of interest	14/02/2020
11.	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	19/02/2020
12.	Last date for submission of objections to provisional list	24/02/2020
13.	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	27/02/2020
14.	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	24/02/2020
15.	Manner of obtaining request for resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and further information	Information Memorandum, Evaluation Matrix, and Request for Resolution Plan shall be issued to every Prospective Resolution Applicant (PRA) in the provisional list and to every PRA who contests the decision of RP for non-inclusion of its name in the provisional list on or before 24/02/2020 by way of an e-mail. For any other information, the applicant(s) may make requests to the RP at the correspondence address or e-mail id as stated against serial no. 21 below. The documents/other information as mentioned above shall be provided after receipt of confidentiality undertaking from the PRAs.
16.	Last date for submission of resolution plans	25/03/2020
17.	Manner of submitting resolution plans to resolution professional	Sealed Envelope by speed/registered post or by hand delivery or e-mail to cirp.mbel@gmail.com
18.	Estimated date for submission of resolution plan to the Adjudicating Authority for approval	31/03/2020

ब्रीफ न्यूज

नवयुवक मंडल विकास समिति के तत्वाधान में रक्तदान शिविर आज

लोसल (सीमा संदेश सं.)। निकटवर्ती ग्राम भीमा में नवयुवक मंडल विकास समिति के तत्वाधान में प्रथम रक्तदान शिविर गुरुवार को लगेगा। समिति के महेंद्र कुमार ने बताया कि निरोगी राजस्थान अभियान के तहत सर्वोदय दिवस के उपलक्ष में शिविर का आयोजन राजीव गांधी सेवा केंद्र में किया जाएगा। रक्तदान शिविर में एसके अस्पताल सीकर की चिकित्सकीय टीम अपनी सेवाएं देगी।

घूंघट छोड़ो अभियान आयोजित

परबतसर (सीमा संदेश सं.)। घूंघट छोड़ो अभियान के तहत पंचायत समिति सभागार में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में आंगनबाड़ी, एएनएम को 5- 5 महिला पंचायत स्तर पर लाकर शपथ दिलाने के लिये एसडीएम मुकेश कुमार मुण्ड ने किया निर्देशित । 30 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे घूंघट छोड़ो अभियान के तहत कम से कम 101 महिलाओं को शपथ दिलाई जाएगी । इस दौरान हुकमाराम राम लेगा, तहसीलदार राजेन्द्र मीणा, ईओ प्रकाश डूडी, कार्यवाहक बीडीओ न्यामदार खान, डीपी जोशी, बीपीएम राकेश गोरा सहित ग्रामसेवक, पीओ व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहें।

परबतसर पंचायत की 31 को पुनः निकाली जाएगी लॉटरी

परबतसर (सीमा संदेश सं.)। परबतसर पंचायत समिति में 42 सरपंचों सहित 6 वार्डो की लॉटरी पुनः निकाली जायेगी। उपखण्ड कार्यालय मे 31 जनवरी को प्रातः 11 बजे लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जायेगी। उपखंड अधिकारी मुकेश कुमार मूण्ड ने बताया कि पंचायतिराज के निर्देशानुसार परबतसर पंचायत में 6 ग्राम पंचायत ऐसी है जो 1 दिसम्बर की अधिसूचना से प्रभावित थी जिस कारण इन 6 ग्राम पंचायतों में वार्ड पंचों की लॉटरी दुबारा निकाली जा रही है। तथा साथ ही पूर्व में जो सरपंचों की लॉटरी निकाली गई थी उसमें भी सभी पंचायतें प्रभावित हो रही है जिसकी वजह से परबतसर पंचायत समिति में 42 ग्राम पंचायतों की दुबारा सरपंचो की लॉटरी निकाली जाएगी।

एसडीएम ने सुलताना में किया औचक निरीक्षण

चिड़ावा (सीमा संदेश सं.)। एसडीएम जेपी गौड़ ने बुधवार को सुलताना की सरकारी स्कूल, पीएचसी व अन्य जगहों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें साफ-सफाई से जुड़े निर्देश दिए। सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशसिंह कविया के अनुसार उपखंड अधिकारी गौड़ ने सुलताना में पीएचसी, राजकीय बालिका उमावि, पटवारी हल्का, राजीव गांधी सेवा केंद्र के ई-मित्र, सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय का जायजा लिया।

राष्ट्रीय अत्याचार निवारण फोर्स की जिला कार्यकारिणी की बैठक

चिड़ावा (सीमा संदेश सं.)। राष्ट्रीय अत्याचार निवारण फोर्स की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष संदीप राव की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। संगठन को मजबूती देने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष राव की देखरेख में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।जिसमें सुमित महान को जिला उपाध्यक्ष, पुनीत कुमार को जिला महासचिव, बलजीत को ग्राम इकाई अध्यक्ष, रतिराम, प्रवीण, दलीप कुमार को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष, विकास कुमार को महासचिव, अजय सिंह को कार्यक्रम प्रभारी, विजेंद्र काला को मिलन केंद्र प्रमुख, गुगनराम, विकास, विजयसिंह आदि को सदस्य नियुक्त किया गया।

आज श्याममयी होगा चिड़ावा, निकलेगी निशान शोभायात्रा

चिड़ावा (सीमा संदेश सं.)। श्रीश्याम नवयुवक मित्र मंडल द्वारा आयोजित बसंत महोत्सव में बुधवार को विभिन्न कार्यक्रम हुए। रात को भजनों के कार्यक्रम हुए,जिसमें कुमार गिरिराज शरण जयपुर, अर्जुन राठौड़ जयपुर और कुमार गौरव पारीक एंड पार्टी के कलाकार ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। अलवर के कलाकारों ने लाइटिंग की विशेष सजावट की। उधर, 20 वें बसंत महोत्सव का समापन गुरुवार को होगा। आयोजन प्रवक्ता के अनुसार सुबह नौ बजे महाकालेश्वर मंदिर से पुरानी बस्ती के श्याम मंदिर तक विशाल निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 411 रंग-बिरंगे निशान शामिल होंगे। गांधी चौक में बंटी तिलकधारी एंड ग्रुप दिल्ली के कलाकारों की नृत्य नाटिका, गुब्बारों की सजावट, पंजाबी लोक नृत्य, बैगपाइपर बैंड, ढप मंडली के प्रस्तुति एवं भस्म आरती होगी। कोलकता के फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार एवं झांकी सजाई जाएंगी।

पुलिस पूछताछ में चोरों ने किए अहम खुलासे

चिड़ावा (सीमा संदेश सं.)। जिला स्पेशल टीम एवं चिड़ावा पुलिस की गिरफ्त में आए झेरली निवासी संदीप जाट, थिरपाली बड़ी के संदीप कुमार और झेरली के वीरेंद्र राजपूत से पुलिस ने पूछताछ की। जिसमें आरोपियों ने खुलासे किए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि दर्जनों चोरी व अन्य वारदात कर चुके हैं। वहीं आरोपियों के पुलिस गिरफ्त में आने के बाद चोरी के शिकार लोगों ने मुकदमे दर्ज करवाए। सीआइ लक्ष्मीनारायण सैनी और स्पेशल टीम प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ 30 सेज्यादा लोगों ने संबंधित थानों में चोरी की रिपोर्ट दी है। वहीं आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अधिकतर चोरी की वारदात दूसरे जिलों में अंजाम दी।जिसके लिए दिन में गिरोह के लोग रैकी करते थे, रात को चोरी की वारदात करते। चोरी किए माल को वाहन में भरकर दूसरी जगह बेच देते थे।

बीईटी पिलानी का स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आज

पिलानी (सीमा संदेश सं.)। बिरला एज्यूकेशन ट्रस्ट पिलानी का स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार समारोह गुरूवार बसन्त पंचमी पर्व पर प्रातः 9:30 बजे शारदा पीठ, बिरला सरस्वती मन्दिर, परिसर में बिट्स पिलानी परिसर के निर्देषक प्रो. सुधीर कुमार बाराई के मुख्य अतिथ्य में मनाया जायेगा। बीईटी के जनसम्पर्क अधिकारी कर्नल शौकत अली ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईटी पिलानी के निर्देशक मेजर जनरल एसएस नायर करेंगे।

110 विद्यार्थीयो को स्वेटर वितरित की

पिलानी (सीमा संदेश सं.)। पिलानी निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भगीना के 110 छात्र छात्राओ को हिम्मत संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र सिहाग के मुख्य अतिथ्य व धर्मपाल भास्कर के विशिष्ट अतिथि स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय प्राचार्य महावीर प्रसाद मीणा ने की। प्राचार्य महावीर प्रसाद मीणा ने हिममत संस्थान के द्वारा विधालय को किये गये सहयोग के लिये साधुवाद देते हुये भविष्य में भी विधालय को सहयोग करने की अपील की।

डायबिटिज के मरीजों के लिये मशीन का शुभारंभ

कुचामनसिटी (सीमा संदेश संवाददाता)। कुचामन विकास समिति द्वारा संचालित श्रीराम जीवन काबरा डायबिटिज निदान एवं जागरूकता केन्द्र में रिसर्च सोसायटी फॉर दी स्टडी ऑफ डायबिटिज इन इंडिया के अध्यक्ष डॉ. बन्सी साबू द्वारा आँखों की जांच की मशीन फंडस आन फोन भेट की गई। इस मशीन के द्वारा डायबिटिज के मरीजों में होने वाली रेटोनोपेथी की जांच की जाएगी। जो डायबिटिज के मरीजों के लिये उपयुक्त रहेगी। मशीन का शुभारंभ समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा द्वारा किया गया। जिसमें व्यवस्थापक सुभाष मदान, भंवर सिंह चौहान एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

ऑनलाइन ठगी से सावधान–डीसीपी प्रीति चन्द्रा

जोधपुर/नागौर(सीमा संदेश संवाददाता)। जोधपुर कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में शहर में बढ़ रहे साईबर क्राइम अपराध से बचाव व रोकथाम के सम्बंध में समारोह आयोजित हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि आईपीएस जोधपुर डीसीपी पश्चिम प्रिति चन्द्रा ने साईबर क्राइम अवैयरनेस के सम्बंध में कहा कि साईबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसमें कंप्यूटर और नेटवर्क शामिल है। किसी भी कंप्यूटर का अपराधिक स्थान पर मिलना या कंप्यूटर से कोई अपराध करना कंप्यूटर अपराध है। कंप्यूटर अपराध मे नेटवर्क शामिल नही होता है। किसी कि निजी जानकारी को प्राप्त करना और उसका गलत ईस्तमाल करना किसी की भी निजी जानकारी कंप्यूटर से निकाल लेना या चोरी कर लेना भी साइबर अपराध है। डावोली गांव के सरदारपुरा मे सेवारत थानाधिकारी लिखमाराम बटेसर ने कहा कि कंप्यूटर अपराध भी कई प्रकार से किये जाते है जैसे कि जानकारी चोरी करना, जानकारी मिटाना, जानकारी मे फेर बदल करना, किसी कि जानकारी को किसी और देना या कंप्यूटर की भागो को चोरी करना या नष्ट करना। साइबर अपराध भी कई प्रकार के है जसे कि स्पैम ईमेल, हैकिंग, फिशिंग,वायरस को डालना, किसी की जानकारी को ऑनलाइन प्राप्त करना या किसी पर हर वक्त नजर रखना सहित अपराध होता है। बटेसर ने कहा कि हैकर साईबर क्राईम में ओटीपी,ईमेल लिंक,मोबाईल कम्प्यूटर को हैक कर दोस्त बनाकर पिन प्राप्त करके अकाउंट से रुपये ट्रांसफर कर धोकाधड़ी करते है जिसको रोकना जरुरी है।इसमें छात्राओं को साईबर क्राईम के सम्बन्ध में बचाव के उपाय बताये जिससे किसी को ठगी न हो।इस मौके पर कमला नेहरू महाविद्यालय की अनेक छात्राऐं मौजूद थी।

दो अलग अलग सड़क हादसों में 1 की मौत, 7 घायल

लोसल/कुचामन सिटी (सीमा सन्देश संवाददाता)। डीडवाना सीकर सड़क मार्ग पर दिनारपुरा के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो महिलाओं सहित एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लोसल निवासी चंपालाल रेगर,कमला देवी,सरोज, ममता एवं सुरेश रेगर कार में सवार होकर लाडनू रिश्तेदारी में तीये की बैठक में शामिल होकर वापस लोसल की ओर जा रहे थे। दिनारपुरा के पास कार का अचानक संतुलन खो जाने पर कार पलट गई। हादसे में चंपालाल रेगर की मौके पर ही मौत हो गई तथा कार में सवार कमला देवी सरोज देवी तथा सुरेश गंभीर घायल हो गए। घायलों को लोसल सीएचसी पहुंचाया गया जहां से गंभीर हालात में सीकर रैफर किया गया। मृतक के शव को मौलासर सीएचसी में रखवाया गया है जहां पर गुरुवार को पोस्टमार्टम होगा।वही दुसरी और कुचामन शहर के मेगा हाईवे पर स्थित रिलायंस पेट्रौल पम्प के पास देर रात्रि करीब 2 बजे एक स्वीफ्ट कार अनियन्त्रित होकर पलटी खा गई जिसमें रामकुमार पुत्र लादूराम उम्र 32 वर्ष निवासी अड़कसर, चैनाराम पुत्र छोटूराम उम्र 31 वर्ष निवासी कड़वा का बासड़ा, राजेश पुत्र सरजाराम उम्र 37 वर्ष निवासी अड.कसर तथा शिवपाल पुत्र छोटूराम उम्र 22 वर्ष निवासी अड.कसर घायल हो गये जिनका प्राथमिक उपचार के बाद कुचामन राजकिय चिकित्सालय से बुधवार शाम छुट्टी दी गई।

घूंघट छोड़ो अभियान पर जिले भर में ली जाएगी शपथ

नागौर (सीमा सन्देश संवाददाता)। घूंघट छोड़ो अभियान के तहत गुरुवार को जिलेभर में एक साथ शपथ दिलाई जाएगी। नागौर जिला कलक्टर की पहल पर शुरू किए गए इस अभियान के तहत जिले में 11.30 बजे पर सभी राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों महाविद्यालयों एवं राजकीय कार्यालय में एक साथ शपथ ली जाएगी। प्रातः 11.30 बजे जिला मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर पर घूंघट छोड़ने हेतु महिलाओं के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों में स्वैच्छिक रूप से घूंघट छोड़ने वाली महिलाएं भाग लेंगी। जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम नेहरू पार्क नगर परिषद परिसर में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक मुख्यालय में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर एक साथ प्रातः 11.30 बजे आयोजित किया जाएगा।

निर्माण श्रमिकों से संबंधित कैंप 31 जनवरी को

नागौर।सीमा सन्देश संवाददाता। निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं व पंजीयन से संबंधित जानकारी हेतु कैंप का आयोजन 31 जनवरी को होगा। सहायक श्रम आयुक्त नागौर गजेन्द्र सिंह के अनुसार विकास अधिकारी पंचायत समिति मेड़ता सिटी के सभागार में आयोजित यह कैंप प्रातः 11.00 बजे होगा।

मेरी राजनैतिक हत्या करने के लिए रचा षड़यंत्र : बुधराम

झुंझनूं, (सीमा संदेश संवाददाता)। झुंझुनूं नगर परिषद के भाजपा पार्षद बुधराम सैनी को कोतवाली पुलिस ने दो दिन पहले ताशपत्ती पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया था।इस मामले में बुधराम सैनी ने प्रेस वार्ता कर पुलिस पर आरोप लगाया है। बुधराम सैनी ने बताया कि नवगठित बोर्ड की पहली बैठक में जिस तरह से उन्होंने सवाल उठाए। उसके मुताबिक उन्हें भाजपा प्रतिपक्ष नेता बनाने वाली थी।लेकिन सत्ता पक्ष यह चाहता नहीं है कि उनके सामने कोई बोलने वाला खड़ा हो। इसलिए उन्होंने सत्ता का दुरूपयोग करते हुए पुलिस के सहारे उनकी राजनैतिक हत्या करवाने की कोशिश की है। लेकिन वे इस मामले के बाद और अधिक मजबूत हुए है।उन्होंने कहा कि जिस जगह से उनको और उनके समर्थकों को लाया गया। वहां पर कोई भी ताशपत्ती का जुआ नहीं खेला जा रहा था। चाय-पानी पीने के लिए सब बैठे थे। लेकिन फिर भी उन्हें झूठे मुकदमे में गिरफ्तार किया गया।

कार-टैंकर की टक्कर में तीन शिक्षकों की दर्दनाक मौत

नागौर/कुचामनसिटी। सीमा सन्देश संवाददाता। नागौर जिले के नागौर-लाडनूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरपालिया बाइपास पर बुधवार दोपहर में हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन शिक्षकों की मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर डीडवाना के पास हुए एक अन्य सड़क. हादसे में कार पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरपालिया बाइपास पर एक कार की सामने से आ रहे टैंकर से टक्कर हो गई जिसमें तीन शिक्षकों की मौत हो गई, जबकि दो शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में गंभीर घायल शिक्षक जेताराम,चुतराराम और विनोद कुमावत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में हड़मान और खेमाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सुरपालिया थाना पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को पहले कानूता अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को नागौर के जेएलएन अस्पताल रैफर किया गया। यहां से भी दोनों की स्थिति गंभीर होने पर जोधपुर रेफर कर दिया गया है। पांचो शिक्षक जोधपुर जिले के मतोड़ा थाना क्षेत्र के हनुमानसागर की राजकीय माध्यमिक स्कूल में कार्यरत हैं। उधर दुर्घटनास्थल पर सुरपालिया थाना पुलिस के साथ ही जायल वृत्ताधिकारी हजारीराम चौहान भी मौके पर पहुंचे।

अस्पतालों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये

मेड़ता/कुचामनसिटी (सीमा सन्देश संवाददाता)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेड़ता की ओर से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामदेव सान्दू (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गंवाड़ी का औचक निरीक्षण किया एवं निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थओ का जायजा लिया। अपने निरीक्षण के दौरान न्यायिक अधिकारी रामदेव सान्दू ने उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लैबर रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। साथ ही वार्डो का भी निरीक्षण किया एवं मरीजो से अस्पताल की व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद अस्पताल परिसर एवं दवा वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया कि कार्मिक प्रदीप राठौड़ माह जनवरी 2020 के शुरूआत से ही गैरहाजिर चल रहा है जिसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

शिक्षण में नवाचारों का उपयोग करे शिक्षक

कुचामनसिटी(सीमा सन्देश संवाददाता)। ब्लॉक स्तरीय गैर आवासीय एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण का राजकीय सोनी देवी सोमानी बालिका माध्यमिक विद्यालय कुचामन सिटी में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में चल रहा है।

संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मण शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर निष्ठा के तहत पाठ्यचर्या, सीखने के प्रतिफल, समावेशित शिक्षा की समझ, हेड टीचर की नेतृत्व क्षमता संवर्द्धन, स्कूलों में सुरक्षित वातावरण निर्माण, समग्र शिक्षा आदि विषयों पर नवीन तकनीक एसआरजी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसआरजी डॉ. ईश्वर राम बेड़ा ने सामाजिक विज्ञान शिक्षण शास्त्र को विभिन्न गतिविधियों से प्रशिक्षणार्थियों को सीखने सीखाने की तकनीकियों से रूबरू करवाया। एसआरजी सत्यप्रकाश शर्मा ने भाषा के समृद्ध वातावरण निर्माण हेतु लघु प्रायोजना से शिक्षण कौशल का विकास किया।

कमल किशोर कुमावत ने गणितीय संक्रियाओ को सरल तरीके से अधिगम आकलन को समझाया। कमल कुमार जांगिड़ ने भाषा आधारित शैक्षणिक प्रक्रियाएं एवम भाषा आकलन बिंदुओं को गतिविधियों से स्पष्ट किया।

बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती भव्य पूजन

कुचाचमनसिटी (सीमा संदेश सं.)। स्थानीय विद्यालय में आज बसन्त पंचमी के शुभअवसर पर प्रधानाचार्य प्रहलाद राय शर्मा ने मंत्र उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन कर, पुष्प व माला, श्रीफल से भरा थाल सजाकर भव्य पूजन करवाया। छात्रा, प्रतीक्षा, पूनम, कुसुम, करिश्मा ने माँ सरस्वती वन्दना का गान किया। संस्था अध्यक्ष डॉ राजाराम प्रजापति ने बसंत पंचमी क्यों मनाई जाती है ? का विस्तारपूर्ण वर्णन विद्यार्थियों के सामने किया। इसी के साथ संस्था सचिव योगेश कुमार जाखंड ने बसन्त ऋतु के आने के संकेत व माँ सरस्वती के मंदिर (विद्यालय) में इस पूजन की भूमिका को बच्चों के मन में उतारा । संस्था प्रधान प्रहलाद राय शर्मा ने इस अवसर पर अपने सुविचार प्रकट किये।साथ ही भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के सर्टिफिकेट भी बाटें गये। इस अवसर पर अध्यापक गण अजय यादव, इंजि. आर.के. शर्मा, कमलेश जांखड़, देवेन्द्र सिंह, रमेश जोशी, सुरजीत बाग, अनिता शर्मा , सुनीता चौधरी, हेमलता कुमावत, सरोज पारीक, कचंन प्रजापत, योगेश पारीक, व समस्त गैर शैक्षणिक स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद थे।

एमडीएम से संबंधित खाद्यान्न का आवंटन जारी

नागौर (सीमा सन्देश संवाददाता)। नागौर जिले को जनवरी 2020 से मार्च 2020 तक के निमित्त एमडीएम के लिए खाद्यान्न आवंटित कर दिया गया है। जिला रसद अधिकारी नागौर के अनुसार नागौर जिले के लिए 996.68 मैट्रिक टन गेहूं तथा 480 मैट्रिक टन चावल का आवंटन प्राप्त हुआ है। इसमें से नागौर जिले की समस्त 14 पंचायत समितियों को जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा नागौर द्वारा प्रस्तावित पत्र के अनुसार उप आवंटन कर दिया गया है। उपर्युक्त खाद्यान्न का उठाव 29 फरवरी से पूर्व करने का निर्देश भी जिला रसद अधिकारी द्वारा संबंधित पंचायत समिति व थोक विक्रेता को दिया गया है ।

न्यायालय श्रीमान प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश महोदय, कुटुम्बर न्यायालय, इन्दौर (म.प्र.) (श्रीमती सुरभि मिश्रा)
हिन्दू विवाह प्रकरण क्रमांक 1374/2019
पेशी दिनांक : 12.03.2020

दीपक पिता श्री जगदीशचन्द पालीवाल
उम्र–51 वर्ष, व्यवसाय–नौकरी
नि.:ई–21, एच.आई.जी. कॉलोनी
रविशंकर शुक्ल नगर, इन्दौर (म.प्र.)
...प्रार्थी

विरुद्ध
श्रीमती अनिता पति श्री दीपक पालीवाल
उम्र – 46 वर्ष, व्यवसाय–नौकरी
द्वारा पिता स्व. श्री सी.एस. पालीवाल एवं
माता श्रीमती सावित्रीदेवी पालीवाल
प्लॉट नं. 2, गायत्री विहार, रातानाड़ा
जिला जोधपुर (राजस्थान)
...प्रतिप्रार्थी

बनाम
श्रीमती अनिता पति श्री दीपक पालीवाल
उम्र–46 वर्ष, व्यवसाय – नौकरी
द्वारा पिता स्व. श्री सी.एस. पालीवाल एवं
माता श्रीमती सावित्रीदेवी पालीवाल
प्लॉट नं. 2, गायत्री विहार, रातानाड़ा
जिला–जोधपुर (राजस्थान)

प्रार्थी ने श्रीमती अनिता पति श्री दीपक पालीवाल के विरुद्ध प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम प्रस्तुत किया है। अस्तु आप इस न्यायालय में दिनांक 12.03.2020 को दिन के 11 बजे दावे में अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये आपको नोटिस दिया जाता है। आप नियत दिनांक को इस न्यायालय में हाजिर उपसंजात रहें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप इस दिन आपकी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो। यदि किसी कारण से उक्त दिनांक को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो या न्यायालय का पद रिक्त होने की दशा में आगामी नियत दिनांक की जानकारी न्यायालय के रीडर / निष्पादक लिपिक से प्राप्त करें और यदि किसी कारणवश उक्त नियत दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले दिन की जावेगी। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख 12.03.2020 को इस न्यायालय में उपसंजात/हाजिर नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह समन्स / नोटिस आज दिनांक 23.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।
इन्दौर, दि.: 23.01.2020 (सील)
(श्रीमती सुरभि मिश्रा)
प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश महोदय,
कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर (म.प्र.)

बसंत पंचमी कार्यक्रम आयोजित

डेगाना (सीमा संदेश सं.)। शहर में बसंत पंचमी का पर्व रॉयल चिल्डरन एकेडमी स्कूल डेगाना में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल निदेशक हाकम अली खान ने कहा कि बसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हुये बच्चों को बसंतोत्सव व उल्लास के पर्व को लेकर विस्तार से समझाया गया। इस मौके पर शिक्षक आरती प्रजापत, लक्ष्मी पलिया, दिनेश राठौड़ सहित ने भी जानकारियां दी। इसी प्रकार शारदा महिला कॉलेज डेगाना में बुधवार को बसंत पंचमी के पर्व पर बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सबसे पहले मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना निदेशक हरेन्द्र प्रजापत व प्राचार्य डॉ. बाबूलाल आलरिया ने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक हरेन्द्र प्रजापत ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ उल्लास व उमंग की भावनाएं देता है।

गांव बिठवालियां में महिलाओं की जागरूकता के लिए कार्यक्रम

डेगाना (सीमा संदेश सं.)। ग्राम पंचायत बींठवालिया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं की घूंघट प्रथा को समाप्त करने को लेकर चलाए जा रहे सरकार के अभियान अब घूंघट नहीं के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर नागौर के निर्देशानुसार घूंघट प्रथा के खिलाफजागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य रबेका बीटी ने कहा कि घूंघट प्रथा नारी सशक्तिकरण में बहुत बड़ी बाधा बनकर उभरी है तथा अब जमाना बदल गया है कि हम सामाजिक अंधविश्वासों व कुरीतियों का त्याग करके हिम्मत व हौंसले के साथ आगे बढ़े। माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ज्योति सोनी ने कहा कि महिलाओं को अब घूंघट में कैद करके नहीं रखा जा सकता।

बसन्त पंचमी पर नामदेव जयन्ती मनाई

लादड़िया (सीमा संदेशस सं.)। कस्बे में बुधवार को बंसन्त पंचमि के अवसर पर नामदेव जंयन्ति धुमधाम से मनाई। हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी नामदेव जंयन्ति क्षैत्रिय दर्जी (छीपा)समाज ने शोभायात्रा निकाली जिसमें बिती रात्री में जागरण का आयोजन हुआ। सुबह दस बजें से डीजे की धुन के साथ गाव के मुख्य मार्गो से होते हुए शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा दर्जी मोहल्ला, सदर बाजार, मानदास बंगीची, गोखी मोहल्ला होते हुए वापस मन्दिर पहुची। दोपहर में प्रसाद वितरण कर मन्दिर का लेखा जोखा देखा गया। इस मौके पर गौरव टेलर, सरपंच प्रतिनिधि भैरूराम दमामी, रामदेव कड़वा, गणेश, लिछमण, पुसाराम, प्रेमचन्द टेलर सहीत ग्रामीणों ने बंसन्त पंचमी के अवसर पर शोभायात्रा में भाग लिया।

नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में 95 रोगियों की जांच

कुचामनसिटी (सीमा संदेश सं.)। लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वावधान में रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति नागौर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से अग्रवाल भवन में निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया क्लब अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया शंकरा अस्पताल जयपुर के नेत्र रोग चिकित्सक टीम ने 95 रोगियों की जांच कर 34 को ऑपरेशन के लिये चयन किया चयनित रोगियों को बस द्वारा शंकरा अस्पताल जयपुर भेजा गया जिनके गुरुवार को ऑपरेशन किये जावेंगे संयोजक लॉयन मुरलीधर गोयल ने बताया कोषाध्यक्ष लॉयन पवन साम्भरवाला, संरक्षक लॉयन पवन जैन, लॉयन सुभाष मदान, लॉयन जितेन्द्र सिंह राजपुरोहित, लॉयन मुरलीमनोहर स्नेही, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद शकील, लॉयन मुन्नालाल रामचंद्रका, लॉयन दामोदर स्नेही, गौरव जोशी ने व्यवस्था में सहयोग कीया

डेगाना विधायक मिर्धा डेगाना क्षेत्र के दौरे पर

डेगाना (सीमा संदेश सं.)। डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा बुधवार को डेगाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस मौके पर विधायक विजयपाल मिर्धा ने कहा कि पंचायतीराज चुनावो में कांग्रेस की तरफरहेगा जनता का रूझान इसलिए आने वाले चुनावों में कार्यकर्ता पूरी सक्रियता से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास में कोई कौर-कसर नहीं रहेगी। गांवों में सभी समस्याओं व मुद्दों को लेकर समस्याएं सुनकर समाधान करवाया जाएगा। कांग्रेस आईटी सेल संयोजक दीपक अग्रावत ने बताया कि ग्राम सुखबासनी, महिया की ढाणी, ईड़वा, अलवास, कवाल व डेगाना शहर सहित जगहो पर मिर्धा ने दौरा करते हुए समस्याएं सुनी। अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दिए।

पर्यावरण स्वीकृति आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री विनायक मिनरलस. रेफरेंस No. 201810000639.Area1.1623Ha.c. पताः गांव रूपाहेली तह. पालपुरा जिला टोंक स्टोन क्षमता 92178 TPA पर्यावरण स्वीकृति क्रमांक No. F1(4)SEIAA/SESC-Raj/Sectt./Project/Cat.1 (a)B2(16175)2019-20 Date 20.11.2019 जिसको पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रतिलिपि राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल किशनगढ़ में उपलब्ध है। अतः सूचित रहे।

कार्यालय प्रबन्ध निदेशक राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित एवं विकास सहकारी निगम लि. नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह मार्ग जयपुर

क्रमांकः- अ.अ अनुजा निगम/निविदा/2019/32078 दिनांकः 23/01/2020

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2019-20 प्रकाशन बाबत्।

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नलिखित कार्य (मय डीएलपी अवधि) के लिए निर्धारित प्रपत्र में ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। संबंधित पूर्ण विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

निविदा के कार्य का नाम	:	विभिन्न कार्य।
कुल धरोहर राशि (रूपयों में)	:	अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत
निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख	:	सोमवार, 27 जनवरी, 2020 प्रातः 9.30 बजे से गुरूवार, 06 फरवरी, 2020 सायं 6.00 बजे तक।
निविदा जमा कराने की तारीख	:	सोमवार, 27 जनवरी, 2020 प्रातः 9.30 बजे से गुरूवार, 06 फरवरी, 2020 सायं 6.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तारीख	:	शुक्रवार, 07 फरवरी, 2020 को अपरान्ह 5.00 बजे
निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की तारीख	:	शुक्रवार, 07 फरवरी, 2020 को निविदा खोलने वाले कार्यालय में मध्यान्ह 1.00 बजे तक।

SFD1920WSOB00028 To 00034
राज.संवाद/सी/2019-20/4884
भवदीय (जीवराज रैगर) अधिशाषी अभियन्ता, अनुजा निगम सहकार भवन, जयपुर, फो.नं.9414887957

भामाशाहों का किया सम्मान

डेगाना (सीमा संदेश संवाददाता)। ग्राम सिरासना की राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह पूर्व बीईओ सुखसिंह सिरासना के द्वारा गरीब परिवार के 50 बच्चों को स्वेटर वितरण की गई। भामाशाह बंशीलाल प्रजापत व ओमप्रकाश प्रजापत के द्वारा विद्यालय सहयोग के लिए 20 कुर्सी सेट भेंट किया गया। भामाशाह ओमप्रकाश प्रजापत ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए गरीब परिवार के बच्चो को आगे लाने के लिए सहयोग की भावना से काम करना चाहिए। जिससे गरीब परिवार के बच्चो को उच्च स्तरीय शिक्षा को प्राप्त करने के लिए मुशीबतों का सामना नही करना प?। भामाशाह ओमप्रकाश प्रजापत के द्वारा समस्त विद्यालय की छात्राओं को स्कूल में उपस्थित होने पर एक जनवरी से एक वर्ष के लिए प्रतिदिन 10 रुपये का सहयोग दिया जाएगा। अध्यापक मुकेश गोदारा ने कहा कि क्षेत्र में भामाशाहों की कोई कमी नही है लेकिन उन्हें आगे लाने के लिए प्रेरित करने वाला होना चाहिए। जिससे हर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा मिल सके। इस मौके पर भामाशाह बंशीलाल प्रजापत, ओमप्रकाश प्रजापत, पूर्व बीईईओ सुखसिंह, प्रधानाध्यापक हनुमान राम, अध्यापक सीताराम, हरिराम, मुकेश गोदारा, संजय महिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

संवाददाता राजू कड़वा को गणतत्र दिवस पर किया सम्मानित

लादड़िया (सीमा संदेश सं.)। डीडवाना उपखण्ड अधिकारी अंशुल सिंह व डिडवाना नगर पालिका अध्यक्ष रचना होलानी, प्रधानाचार्य चेलाराम योगी,जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता जेके द्वारा संवाददाता राजू कड़वा लादड़िया को पत्रकारिता के क्षैत्र में उत्कृष्ट कार्य व क्षैत्र में उल्लेखनीय सेवाए देने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

APM INDUSTRIES LIMITED
CIN: L21015RJ1973PLC015819
Regd. Off. & Works: SP-147, RIICO Industrial Area, Bhiwadi, Dist. Alwar, Rajasthan-301019
Ph: 01493-265400, Fax: 01493-265413
E-mail id: csapmindustriesltd@gmail.com, Website: www.apmindustries.co.in

NOTICE OF BOARD MEETING

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Wednesday, February 05, 2020**, *inter-alia*, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2019 (the "Financial Results").

A copy of this Notice and Financial Results shall also be available at the Company's website www.apmindustries.co.in and the website of the Stock Exchange www.bseindia.com.

For APM Industries Limited
Neha Jain
Company Secretary
Place: New Delhi
Date: 29.01.2020

www.readwhere.com